# कार्यालय वनमंडलाधिकारी उत्तर बैतूल (सा0) वनमंडल

07141–234204(कार्यालय), E-Mail -- dfotnbetul@mp.gov.in

क्रमांक/मा0चि0/2025 / 3362 बैतूल, दिनांक/ 20/05/25

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(भू- प्रबंध) म.प्र. भोपाल

विषय :- बैतूल एवं होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले में जुझारपुर से ढोढरामोहार के मध्य तीसरी रेल्वे लाईन के निर्माण हेतु वनमंडल की 1.2496 हे. वनभूमि एवं होशंगाबाद वनमंडल की 6.7861 हे. कुल 8.0357 हे. वनभूमि सेन्ट्रल रेल्वे नागपुर डिवीजन बैतूल को उपयोग पर देने बाबत्। प्रकरण क्रमांक / FP/MP/RAIL/150074/2021

संदर्भ :- 1.- आपका पत्र क्रमांक / एफ- 5 / 1211 / ई- 0107 / 2025 दिनांक 23.02.2025

2.- उप मुख्य अभियंता, (निर्माण) सेंट्रल रेल्वे नागपुर डिवीजन, बैतूल का पत्र क्रमांक / ET-NGP/3rd Line/ Forest Date 08.05.2025

--00--

विषयांतर्गत निवेदन है कि आपके संदर्भित पत्र द्वारा संलग्न भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक / 6-एमपीआर 027 / 2023 – बीएचओ दिनांक 19.02.2025 में उल्लेखित बिंदु क्रमांक – 4 की जानकारी चाही गई थी।

बिंदु क्रमांक – 4 में उल्लेखित जी.पी.एस. रीडिंग का मौका स्थल निरीक्षण हेतु वनमंडल कार्यालय के आदेश क्रमांक / माचि./ 2025/02 दिनांक 11.04.2025 से उपवनमंडलाधिकारी शाहपुर (सा.) को अध्यक्ष नियुक्त करते हुये 03 सदस्यी समिति का गठन किया गया।

दिनांक 03.05.2025 को मेरे द्वारा गठित समिति के साथ आपके विभाग के प्रतिनिधी वरिष्ठ खण्ड अभियंता बैतूल के साथ रहकर उक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान " पुरानी रेल्वे लाईन सहित पट्टी के दोनो ओर Subway तथा दोनो पहुंच मार्ग की चौड़ाई 58 मीटर तथा Subway के दोनो तरफ पहुंच मार्ग की चौड़ाई पुरानी रेल्वे पट्टी सहित 57.9 मीटर तथा रेल्वे पट्टी के पूर्व दिशा में पहुंच मार्ग के प्रारभिंक में 4 मीटर वनक्षेत्र के अंदर तथा दूसरी तरफ पश्चिम दिशा में पहुंच मार्ग में प्रारंभ में 6.4 मीटर वनक्षेत्र में अंदर निर्माण होना पाया गया।" **मौके के पंचनामा की छायाप्रति एवं नजरिया नक्शा संलग्न है।**

उपरोक्त निरीक्षण के दौरान रेल्वे विभाग के उपस्थित प्रतिनिधी द्वारा उक्त निर्माण कार्य रेल्वे विभाग के ROW के अंतर्गत होना बताया गया, किन्तु इस संबंध में मौके पर कोई वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये। तदानुसार इस कार्यालय के पत्र क्रमांक / माचि./ 2025 / 3071 दिनांक 07.05.2025 से आवेदक विभाग को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के उल्लंघन के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये ROW क्षेत्र के अंतर्गत नक्शे एवं भूमि के स्वामित्व से संबंधित वैधानिक दस्तावेज वनमंडल कार्यालय को 02 दिवस में उपलब्ध कराये जाने हेतु लेख किया गया। आवेदक विभाग के संदर्भित पत्र दिनांक 08.05.2025 से प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार कोई वैधानिक

अभिलेख वनमंडल कार्यालय को उपलब्ध नही कराये गये है एवं लेख किया गया है कि Open Line Organization of the Railway इस संबंध में पृथक से अवगत करायेगे।

वनमंडल कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख (आर.एफ. एरिया रजिस्टर) में आरक्षित वनखंड 17 सालीमेट में निम्नानुसार टीप उल्लेखित है:-

*"Area covered by the Itarsi-Betul Public Works Department road and Itarsi- Napur section of the G.I.P. Railway line passing through this block was disforested under Notification No. 1324, dated the 15th January 1907, and No. 12, dated the 8th January 1910, respectively, and is, therefore, not included in the figure."*

उपरोक्त टीप के अतिरिक्त आर.एफ. एरिया रजिस्टर 24.180 एकड़ (9.783 हे.) रकबा सेन्ट्रल रेल्वे हेतु निर्वनीकृत भूमि होना उल्लेखित है। आर.एफ. एरिया रजिस्टर में संलग्न मानचित्र (स्केल 1 इंच = 2 Mile) में निर्वनीकृत रेल्वे लाईन को नही दर्शाया गया है।

उपरोक्तानुसार वनमंडल के अंतर्गत उपलब्ध अभिलेखो से रेल्वे लाईन के ROW की स्थिति स्पष्ट नही होती है।

प्रतिवेदन सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

(नवीन गर्ग)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा0) वनमंडल

पृ.क्रं./मा.चि./2025/ 3363 बैतूल/ दिनांक/ 20/05/25

प्रतिलिपि :- वन संरक्षक बैतूल वृत्त बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

वनमंडलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा0) वनमंडल

D:\BACKUP-D Drive New HP Ka 24 03 2025 Tak all in one ka\BACKUP-DM NORTH ALL DATA D-DRIVE DATE 09.04.2024 DONE NEW COMPUTER\DFO North File-2006\DM\DM-Latter-13.01.2025 Opening.doc

<u>पंचनामा</u> स्थान घाट क्षेत्र आरएफ 157

दिनांक

हम पंचगण हस्ताक्षर करने वाले इस बात की तस्दीक करते है कि आज दिनांक 3/5/2025 को श्रीमान वन मण्डल अधिकारी महोदय उत्तर बैतूल (सा.) एवं उप वन मण्डल अधिकारी शाहपुर (सा.) की वन परिक्षेत्र अधिकारी भौरा (सा.) व जंघाट एवं वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता बैतूल तथा रहमट बैतूल के घोड़ागांवाड़ (नर्मदापुरम) धुआटपुर से लेटरमोहर दिनांक 3/5/2025 को मौका स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया और स्थल उल्लेखित जीपीएस N. 22°21'13.85" E 77°56'49" पर पहुंच कर स्थल निरीक्षण ~~किया~~ कुरानी रेल्वे लाइन सहित पटरी के दोनों ओर subby तथा दोनों पहुंच मार्ग की चौड़ाई 58 मी तथा subby से दोनों तरफ पहुंच मार्ग की चौड़ाई कुरानी रेल्वे पटरी सहित 57.9 मीटर तथा रेल्वे पटरी के पूर्व दिशा के पहुंच मार्ग के प्रारंभिक में 4 मी. वन क्षेत्र के अंदर तथा दूसरी तरफ पश्चिम दिशा के पहुंच मार्ग के प्रारंभ में 6.4 मीटर वन क्षेत्र के अंदर निर्माण होना पाया गया।

पंचनामा लिखा पढ़कर सुनाया सही पाया गया

पंचगण के हस्ताक्षर

पंचनामा मेरे द्वारा लिखा गया

हाइट गेज तथा बाक्स के बाहर रिटेनिंग वाल में Turnin curve के लिए आवश्यक था
Shrivastava
विनय कुमार श्रीवास्तव
SSE(W) BZU

Rohit
3-5-25

R
पंचगण


विजय किंमवडेकर
S.S.E (C). C. Rly AQ/NGP

Nav
नवीन गर्ग
DFO N Betul

U S Singh
SDO Shahpur

Sanjay
कनिष्ठ... संजय यादव

# नजरिया नक्शा



58m.
पुरानी सड़क
पुरानी सड़क
offence 6m.
offence 4m.
Railway line
R.L. Down
UP
57.9 m.
नवनिर्मित Subway